प्रादेशिक समाचार
(संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. जैक इंटरमीडिएट की परीक्षा में साइंस में अंकिता दत्ता और कॉमर्स में रेशमी कुमारी बनी स्टेट टॉपर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी बधाई।

2. रांची के नगड़ी में रिम्स टू के निर्माण के लिए जमीन मापी का विरोध, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर आदिवासियों को जमीन से बेदखल करने का लगाया आरोप।

3. शराब घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह दो दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद भेजे गये जेल।

4. विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर राज्यभर में हुए कई कार्यक्रम, लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए रांची सदर अस्पताल से रवाना हुआ जागरूकता रथ।

5. राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, 11 जिलों में कल से बारिश का पूर्वानुमान।

रिजल्ट

झारखंड एकेडमिक काउंसिल–जैक ने 12वीं साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट आज जारी कर दिया है। इस बार साइंस में उन्यासी (79) दशमलव दो छह प्रतिशत और कॉमर्स में इक्यानवे (91) दशमलव 2 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। झारखंड के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने रांची स्थित जैक सभागार से रिजल्ट की आधिकारिक घोषणा की। मंत्री रामदास सोरेन ने रिजल्ट जारी करने के बाद कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार का रिजल्ट काफी अच्छा रहा है।
राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जैक बोर्ड की इंटरमीडिएट, साइंस और कॉमर्स के परीक्षा उत्तीर्ण होनेवाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

********************

जैक की ओर से जारी इंटरमीडिएट के रिजल्ट में इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। साइंस में धनबाद गोविंदपुर की अंकिता दत्ता पंचानवे (95) दशमलव 4 प्रतिशत अंकों के साथ स्टेट टॉपर हुई हैं। वहीं कॉसर्म संकाय में चाईबासा की रेशमी कुमारी पंचानवे (95) दशमलव 2 प्रतिशत अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। इस बार साइंस में 80 दशमलव पांच तीन फीसदी छात्राओं ने सफलता हासिल की है, जबकि छात्रो का पास परसेंटेज 78 दशमलव चार तीन फीसदी रहा है। वहीं कॉमर्स में 95 फीसदी छात्राएं सफल रही हैं, जबकि छात्रों का पास परसेंटेंज 86 फीसदी रहा है। पिछले साल की तुलना में इस साल दो प्रतिशत अधिक विद्यार्थी पास हुए हैं।

********************

रांची जिले के कांके प्रखंड के नगड़ी में राज्य सरकार की ओर से रिम्स टू के निर्माण के लिए जमीन की मापी की जा रही है। ग्रामीणों के विरोध के कारण यहां पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी का दौरा किया। इस दौरान श्रीमरांडी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद झारखंड में आदिवासियों को जमीन से बेदखल किया जा रहा है। उनके कृषि योग्य भूमि पर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

********************

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ कल सुबह सात बजे रांची के मोरहाबादी मैदान में चाय पे चर्चा के दौरान मॉर्निंग वाकर्स और रांची के लोगों के साथ संवाद करेंगे। इस संवाद का विशय वन नेशन वन इलेक्शन है।

********************

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी ने आज कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि एसीबी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए दोनों अधिकारियों को दो दिनों की रिमांड पर लिया था। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह दोनों से रिमांड अवधि के दौरान अलग—अलग पूछताछ की गयी है।

********************

राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। राजधानी रांची में मिले चार संक्रमितों के बाद जमशेदपुर में भी दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों को एडवायजरी जारी की है। उन्होंने सैंपलों को रिम्स भेज जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का भी निर्देश दिया है। इधर पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने जिले के लोगों से कोरोना को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

********************

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इधर रांची के सदर अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से तंबाकू छोड़ने की अपील की गई। इस मौके पर एक विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ रांची के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देगा।

********************

बोकारो पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की निशानदेही पर चारों युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

********************

पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन की पहल पर पुलिस लाइन ग्राउंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य की जांच कराई और रक्तदान भी किया।

********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने झारखंड के 11 जिलों में एक जून से बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इनमें राज्य के उत्तर—पूर्वी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज और दक्षिणी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला—खरसावां शामिल हैं।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- रांची पुलिस ने चुटिया इलाके से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है।
- पलामू जिले के कौशल विकास केंद्र रेड़मा में मानव तस्करी के खिलाफ छात्रों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों को डायल 112 सेवा, साइबर अपराध से सुरक्षा सहित अन्य जानकारी दी गयी।
- खूंटी जिले में जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की दीदियों के कार्यशाला आयोजित कर सोशल मीडिया हैंडल्स की जानकारी दी गई। इस मौके पर डीपीएम और कोऑर्डिनेटर ने बताया कि दीदियां अब अपने बेहतर क्रिया–कलापों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेंगी।

********************

रांची जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित जिला शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन पांच राउंड में खेल समाप्त हुए। इन पांचों राउंड के बाद बी.सी. त्रिपाठी, विवाश कुमार सिन्हा, आदित्य झा और आरव राज मेहता शीर्श पर हैं। इस प्रतियोगिता का समापन कल पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

*******समाप्त********